UNIVERSITY NEWS ON 31 JANUARY 2026

I NEXT

7 बज सुबह स रात 9 तक खुलेगी डिस्पेंसरी

एलयू वीसी के निरीक्षण के दौरान सुबह 10 बजे डाक्टर और कर्मचारी मिले गायब

छुट्टी के दिन भी खुलेगी

इसके अलावा यह भी कहा गया है कि अब अवकाश के दिन भी डिस्पेंसरी खोली जाए. वीसी ने बताया कि डिस्पेंसरी में दवा की निरंतरता बनी रहे, इसके लिए जेम पोर्टल के माध्यम से दवाओं के लिए साल का टेंडर कर लें. इससे दवा की कभी कमी नहीं होगी.

LUCKNOW (30 JAN): एलयू में बना आरोग्य भवन (डिस्पेंसरी) अब सुबह सात से रात नौ बजे यानी 14 घंटे खुला रहेगा. यहां तैनात दो डाक्टर इस अवधि में सात-सात घंटे ड्यूटी करेंगे ताकि विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारी किसी को भी आकस्मिक स्थिति में इलाज की सुविधा समय से मिल सके. यह व्यवस्था विश्वविद्यालय के दोनों परिसर में लागू होगी. वीसी प्रो. जेपी सैनी ने गुरुवार को आरोग्य भवन के निरीक्षण के दौरान खराब स्थिति मिलने पर यह निर्देश दिए.

अभी सुबह 10 बजे खुलती है

एलयू में डिस्पेंसरी खुलने का समय सुबह 10 से शाम पांच बजे तक है. वीसी प्रो. जेपी सैनी सुबह 9:57 मिनट पर निरीक्षण करने पहुंचे. डिस्पेंसरी का दरवाजा खुला था, लेकिन वहां न कोई डाक्टर मिले न ही कर्मचारी. जबकि यहां दो डाक्टर और दो कर्मचारियों की ड्यूटी रहती है. वीसी वहां पर 10:15 बजे तक रुके, फिर भी कोई नहीं आया. डिस्पेंसरी के बाहर काफी गंदगी भी थी. इस पर वीसी ने नाराजगी जताई.

अनुपस्थिति पर मांगा स्पष्टीकरण

उन्होंने बताया कि डाक्टरों व कर्मचारियों से समय से उपस्थित न रहने के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है. साथ ही डिस्पेंसरी का खुलने का समय सुबह सात से रात नौ बजे तक किए जाने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थियों को इलाज में परेशानी न हो. यह भी कहा गया है कि डाक्टर और कर्मचारी की ड्यूटी इसी प्रकार लगाई जाए, जिससे सभी की उपलब्धता इस अवधि में सुनिश्चित हो सके.

AMAR UJALA

प्रो. आरपी व डॉ. अलका सिंह को मेंटल हेल्थ में नवाचार के लिए मिला पेटेंट

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग के प्रो. आरपी. सिंह को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े एक महत्वपूर्ण नवाचार के लिए पेटेंट मिला है। उनका डिवाइस डिजाइन-सेल्फ रिफ्लेक्शन बेस्ड डायरी फॉर मेंटल वेलनेस ट्रैकिंग, व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के आकलन और निगरानी में उपयोगी साबित होगा। इस शोध में डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके साथ अध्येता जॉय चौहान भी शोध टीम का हिस्सा रहे। यह नवाचार आज के तनावपूर्ण और तेज रफ्तार जीवन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और देखभाल की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि के प्रो. वरुण का हुआ चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्रो. वरुण छाछर को बड़ी अकादमिक उपलब्धि मिली है। उनका चयन इंटरनेशनल पब्लिक पॉलिसी एसोसिएशन की ओर से फ्रांस के यूनिवर्सिटी ऑफ लियोन के सहयोग से आयोजित प्रतिष्ठित विंटर स्कूल में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए हुआ है। यह विंटर स्कूल दो से छह फरवरी तक फ्रेंच आल्प्स के ऑसुआ में आयोजित होगा। प्रो. छाछर भारत में अनुसूचित जाति समुदाय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

लविवि की साक्षी ने दिखाया दम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की खिलाड़ी साक्षी केसरवानी 186 किलोग्राम भार उठाकर वेटलिफ्टिंग में इतिहास रचा। विश्वविद्यालय के इतिहास में साक्षी पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने खेलो इंडिया गेम में क्वालिफाई किया है। पंजाब यूनिवर्सिटी (चंडीगढ़) में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला व पुरुष वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 26 से 30 जनवरी तक आयोजित की गई। इसमें 70 से अधिक विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। लविवि की महिला टीम की साक्षी केसरवानी ने 86 किग्रा वेट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। टीम के मैनेजर अरविंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि साक्षी केडी सिंह स्टेडियम में अभ्यास करती हैं। वेटलिफ्टिंग क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. विनीत कुमार ने साक्षी केसरवानी को बधाई दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

DAINIK JAGRAN

व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करेगी डिवाइस

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के के अंग्रेजी विभाग के प्रो. आरपी सिंह को उनकी डिवाइस डिजाइन "सेल्फ रिफ्लेक्शन बेस्ड डायरी फार मेंटल वेलनेस ट्रैकिंग" के लिए पेटेंट मिला है। प्रो. सिंह के इस माड्यूल के माध्यम से किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करने में सहायता मिलेगी। इस माडल के जरिए किसी भी व्यक्ति की दैनिक सोच और व्यवहार का आकलन करके उसे निदानत्मक साहित्य पढ़ने की तरफ प्रेरित किया जा सकेगा।

प्रो. आरपी सिंह

प्रो. आरपी सिंह की शोध एवं क्रियान्वयन टीम में डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की शिक्षिका डा. अलका सिंह और छात्र ज्वाय चौहान भी शामिल रहे। यह नवाचार मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

छह पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इनमें बीबीए एनईपी, बीबीए एनईपी आइबी, बीबीए एमएस पांचवें, एम.ए एआइएच ग्रुप ए, एमपीएस और एम.एससी रिनेवेबल एनर्जी तीसरे सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से विद्यार्थी अपने परिणाम देख सकते हैं। समस्या पर कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। वि.

'स्टाक एक्सचेंज व वित्तीय अनुसंधान में करियर'

लखनऊ : लवि के प्रबंधन अध्ययन संकाय के प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआइ) के सहयोग से चाणक्य सभागार में 'वित्तीय समझ पर निवेशक जागरुकता कार्यक्रम' का आयोजन किया। मुख्य वक्ता एएमएफआइ के वरिष्ठ सलाहकार सूर्यकांत शर्मा ने सेबी की भूमिका, शेयर ट्रेडिंग को प्रभावित करने वाले घरेलू और वैश्विक कारकों की जानकारी दी। साथ ही स्टाक एक्सचेंज व वित्तीय अनुसंधान में करियर के अवसर बताए। वि.

लवि में पदोन्नति के लिए अब नौ फरवरी तक आवेदन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने कैरियर एडवांसमेंट योजना के तहत वरिष्ठ आचार्य लेवल 15 पर पदोन्नति के लिए आवेदन करने की तिथि नौ फरवरी तक बढ़ा दी है। अभी तक 30 जनवरी तक आवेदन का मौका दिया गया था। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इस संबंध में सभी संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों को पत्र जारी किया है। वि.

लवि के छह पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ : लवि ने छह पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इनमें बीबीए एनईपी, बीबीए एनईपी आइबी, बीबीए एमएस पांचवें, एम.ए एआइएच ग्रुप ए, एमपीएस और एम.एससी रिनेवेबल एनर्जी तीसरे सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से विद्यार्थी अपने परिणाम देख सकते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करेगी डिवाइस

लखनऊ : लवि के अंग्रेजी विभाग के प्रो. आरपी सिंह को उनकी डिवाइस डिजाइन "सेल्फ रिफ्लेक्शन बेस्ड डायरी फार मेंटल वेलनेस ट्रैकिंग" के लिए पेटेंट मिला है। प्रो. सिंह के इस माड्यूल के माध्यम से किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करने में सहायता मिलेगी। प्रो. आरपी सिंह की शोध एवं क्रियान्वयन टीम में लोहिया विधि विश्वविद्यालय की शिक्षिका व छात्र शामिल रहे।

DAINIK JAGRAN

रात नौ बजे तक खुलेगी लवि की डिस्पेंसरी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बना आरोग्य भवन (डिस्पेंसरी) अब सुबह सात से रात नौ बजे यानी 14 घंटे खुला रहेगा। यहां तैनात दो डाक्टर इस अवधि में सात-सात घंटे ड्यूटी करेंगे ताकि विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारी किसी को भी आकस्मिक स्थिति में इलाज की सुविधा समय से मिल सके। यह व्यवस्था विश्वविद्यालय के दोनों परिसर में लागू होगी। कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी ने आरोग्य भवन के निरीक्षण के दौरान खराब स्थिति मिलने पर यह निर्देश दिए।

दरअसल, लवि में डिस्पेंसरी खुलने का समय सुबह 10 से शाम पांच बजे तक है। कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी सुबह 9:57 मिनट पर निरीक्षण करने पहुंचे। डिस्पेंसरी का दरवाजा खुला था, लेकिन वहां न कोई चिकित्सक मिले न ही कर्मचारी, जबकि यहां दो डाक्टर और दो कर्मचारियों की ड्यूटी रहती है। कुलपति वहां पर 10:15 मिनट तक रुके, फिर भी कोई नहीं आया। डिस्पेंसरी के बाहर गंदगी भी थी। इस पर कुलपति ने नाराजगी जताई।

अनुपस्थिति पर मांगा स्पष्टीकरण : उन्होंने बताया कि डाक्टरों व कर्मचारियों से समय से उपस्थित न रहने के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही डिस्पेंसरी का खुलने का समय सुबह सात से रात नौ बजे तक किए जाने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थियों को इलाज में परेशानी न हो। यह भी कहा गया है कि डाक्टर और कर्मचारी की ड्यूटी इसी प्रकार लगाई जाए, जिससे सभी की उपलब्धता इस अवधि में सुनिश्चित हो सके। कुलपति ने बताया कि डिस्पेंसरी में दवा की निरंतरता बनी रहे, इसके लिए जेम पोर्टल के माध्यम से दवाओं के लिए साल का टेंडर कर लें। इससे दवा की कभी कमी नहीं होगी।

TIMES OF INDIA

Diary as doctor for mental well-being: LU professor's innovative notebook gets patent

Mohita.Tewari
@timesofindia.com

Lucknow: Now a diary, and not necessarily a doctor, is what you may need to take care of your mental health.

The magical diary, one with a mirror, and 7 questions, records one's moods on a daily basis and helps increase self-awareness and identify patterns in emotional states.

"It has been designed to offer numerous benefits for your mental and emotional wellbeing. The diary has a mirror, and a person has to answer the question written in the diary by viewing the mirror," said Prof RP Singh of Lucknow University's English and Modern European Languages Department, the man behind the invention, which has been awarded a patent by the Indian govt.

"Users answer 1 question each day for 7 days while looking into the mirror. Based on the responses, the team recommends literary support—such as books and journals—to help improve the user's mental wellbeing," said Prof Singh, who along with assistant professor Alka Singh of Dr Ram Manohar Lohia National Law University's English Department and researcher Joy Chauhan have conceptualised the project.

According to University officials, this was the first patent for LU's English Department.

He added that after reviewing the 7 responses, the team will suggest reading material tailored to the user's needs. For instance, someone experiencing loneliness or depression may be recommended books with influential content aimed at motivation and healing. Prof Singh said the human psyche and literature are intertwined. "Literature is a powerful boost in controlling the psyche of the people. It is important to understand the conditioning of the mind of an individual. An individual's understanding and background knowledge is not only a product of the socio-cultural, economic, and political discourses that one comes across, but also what he or she reads and gets stimulated by, knowingly or unknowingly, to respond and behave," said the LU professor.

"There is a list of Hindi and English literature that does this function. For instance, iconic texts in Hindi literary studies that evoke these powerful emotions of courage are Mahabharat by Vyas—think of Arjun's courage in Gita—and Padmavat by Malik Muhammad Jayasi, where Rooda's bravery in battle is so vibrant," he said.

SWATANTRA BHARAT

रोगों के निदान में परिवर्तन का वाहक बने युवा : मयंकेश्वर शरण

विश्व उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग पर जागरुकता कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित धन्वंतरि सभागार में विश्व उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग पर युवा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके तहत यूनाइट एक्ट एलिमिनेट एनटीडी थीम पर एक वॉकाथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें 500 से ज्यादा छात्रों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रदेश के 51 जिले अब भी फाइलेरिया से प्रभावित हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि युवाओं को परिवर्तन का वाहक बनाना है। विशिष्ट अतिथि विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने कहा कि उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग आज भी समाज के उन वर्गों को प्रभावित कर रहे हैं, जो संसाधनों, जागरुकता और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अपर निदेशक डॉ. एके चौधरी ने बताया कि कुल 20 उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग चिन्हित किए गए हैं, जिनमें नौ रोग उत्तर प्रदेश में प्रमुख रूप से पाए जाते हैं। डॉ. चौधरी ने बताया कि कालाजार रोग को भारत में वर्ष 2010 से लगभग समाप्त कर दिया गया है, और वर्तमान में उत्तर प्रदेश के केवल तीन जिले ही शेष है। वहीं, फाइलेरिया के संदर्भ में अभी भी उत्तर प्रदेश के 51 जिले प्रभावित हैं, जिन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी, सामुदायिक सहयोग और निरंतर जागरुकता अभियानों के माध्यम से ही एनटीडी के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। द्वितीय परिसर के निदेशक प्रोफेसर आरके सिंह, अधिष्ठाता इंजीनियरिंग प्रो. एसपी सिंह, फार्मेसी संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

DAINIK JAGRAN

बंद होंगे लवि के अनउपयोगी बैंक खाते

जासं • लखनऊ : लवि के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने उन सभी बैंक खातों को बंद करने के निर्देश दिए हैं जो अनउपयोगी हैं। कुलपति ने बताया कि तमाम विभागों ने सेमिनार आदि के लिए अलग से खाते खुलवा दिए। अब कार्यक्रम हो चुके, फिर भी वो खाते चालू हैं। इसी तरह पता चला है कि नए-नए खाते भी खुलते चले गए। अब ऐसे खातों का उपयोग नहीं हो रहा है। इनसे कोई जालसाजी की घटना न हो, इसलिए सभी को बंद करना है।

साक्षी खेलो इंडिया गेम के लिए हुई क्वालीफाई

लखनऊ : लवि की खिलाड़ी साक्षी केसरवानी ने 186 किलोग्राम भार उठाकर वेट लिफ्टिंग में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह लवि की पहली महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने खेलो इंडिया गेम में क्वालीफाई किया है।

साक्षी केसरवानी

लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला/पुरूष वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 30 जनवरी तक हुआ। इसमें लवि की महिला टीम की साक्षी (86 किग्रा) वेट कैटेगरी में तीन सेट में 186 किग्रा भार उठाकर खेलो इंडिया टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। टीम के मैनेजर अरविंद सिंह कुशवाहा टीम के साथ गए थे। वेटलिफ्टिंग क्लब के प्रेसिडेंट डा. विनीत कुमार ने साक्षी केसरवानी को बधाई दी।

VOICE OF LKO HINDUSTAN

लविवि के प्रो. वरुण शोध पत्र करेंगे प्रस्तुत

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय में प्रो. वरुण छाछर का चयन इंटरनेशनल पब्लिक पॉलिसी एसोसिएशन द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ लियोन, फ्रांस के सहयोग से आयोजित प्रतिष्ठित विंटर स्कूल में अपना शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए किया गया है। यह विंटर स्कूल 02-06 फरवरी को फ्रेंच आल्प्स में स्थित प्रसिद्ध शैक्षणिक केंद्र, ऑसुआ में आयोजित होगा, जो उच्च-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय नीति संवादों के लिए जाना जाता है।

प्रो. छाछर भारत में अनुसूचित जाति समुदाय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावः एक समालोचनात्मक अध्ययन विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगे। यह विषय पर्यावरणीय न्याय, संवैधानिक मूल्यों तथा सार्वजनिक नीति के महत्वपूर्ण अंतर्संबंधों को रेखांकित करता है। उनका चयन इस बात का प्रमाण है कि असमानता, संवेदनशीलता और जलवायु शासन जैसे मुद्दों पर भारतीय विश्वविद्यालयों से निकलने वाला शोध वैश्विक स्तर पर लगातार अधिक प्रासंगिक होता जा रहा है।

इंटरनेशनल पब्लिक पॉलिसी एसोसिएशन विंटर स्कूल एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित अकादमिक मंच है, जहां विश्व भर से विद्वान, नीति-निमार्ता और शोधकर्ता समकालीन सार्वजनिक नीति की चुनौतियों पर विमर्श करने के लिए एकत्रित होते हैं। इस मंच पर प्रस्तुति के लिए चयन अत्यंत प्रतिस्पर्धी होता है, जिसमें शोध पत्रों का मौलिकता, कार्यविधि की कठोरता और नीति-संबंधी प्रासंगिकता के आधार पर कठोर सहकर्मी समीक्षा की जाती है। प्रो. छाछर का शोध पत्र इसलिए विशिष्ट रहा क्योंकि इसमें जलवायु परिवर्तन को केवल एक पर्यावरणीय समस्या के रूप में नहीं, बल्कि भारत में ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे समुदायों को प्रभावित करने वाले गहरे सामाजिक और संवैधानिक प्रश्न के रूप में विश्लेषित किया गया है।

AMRIT VICHAR

एलयू की साक्षी ने दिखाया दम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की खिलाड़ी साक्षी केसरवानी 186 किलोग्राम भार उठाकर वेट लिफ्टिंग में इतिहास रचा। एलयू के इतिहास में साक्षी पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने खेलो इंडिया गेम में क्वालिफाई किया है। पंजाब यूनिवर्सिटी (चंडीगढ़) में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला व पुरूष वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 26 से 30 जनवरी तक आयोजित की गई। 70 से अधिक विवि की टीमों ने भाग लिया। इसमें एलयू की महिला टीम की साक्षी केसरवानी 86 किग्रा वेट कैटेगरी में खेलो इंडिया टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया।

साक्षी ने खेलो इंडिया के लिए किया क्वालिफाई

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की होनहार वेटलिफ्टर साक्षी केसरवानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के खेल इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। साक्षी 186 किलोग्राम भार उठाकर खेलो इंडिया टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली लखनऊ विश्वविद्यालय की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। यह कामयाबी उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में 26 से 30 जनवरी तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला और पुरुष वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में हासिल की। प्रतियोगिता में देशभर के 70 से अधिक विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए साक्षी केसरवानी ने 86 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर अपनी जगह खेलो इंडिया गेम्स में सुनिश्चित की।

डॉ. आरपी सिंह के डिवाइस को मिला पेटेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के शिक्षक प्रो. डॉ. आरपी सिंह के एक यंत्र को पेटेंट हासिल हुआ है। डॉ. सिंह के डिवाइस डिजाइन सेल्फ रिफ्लेक्शन बेस्ड डायरी फॉर मेंटल वेलनेस ट्रैकिंग के लिए पेटेंट मिला है। इस मॉड्यूल के द्वारा किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का आंकलन करने में सहायता मिलेगी। इस मॉडल के द्वारा किसी व्यक्ति के दैनिदिन सोच और व्यवहार का आंकलन करके उसे निदानात्मक साहित्य पढ़ने की तरफ प्रेरित किया जायेगा। सेल्फ-रिफ्लेक्शन विधि द्वारा इस के अंतर्गत प्राप्त जानकारी का प्रयोग मानसिक स्वास्थ्य की ट्रैकिंग और तत्सम्बन्धी निदान की दिशा में काफी लाभकारी सिद्ध होगा। प्रो. आरपी सिंह की शोध व परिकल्पना एवं क्रियान्वयन टीम में डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह और अध्येता जॉय चौहान रहे।

लविवि शिक्षक फ्रांस में प्रस्तुत करेंगे शोध पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में प्रोफेसर प्रो. वरुण छाछर यूनिवर्सिटी ऑफ लियोन, फ्रांस में आयोजित प्रतिष्ठित विंटर स्कूल में अपना शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। भारतीय सामाजिक कानूनी शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने में इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह विंटर स्कूल 2 से 6 फरवरी को फ्रेंच आल्प्स में स्थित प्रसिद्ध शैक्षणिक केंद्र, ऑसुआ में आयोजित होगा। प्रो. छाछर "भारत में अनुसूचित जाति समुदाय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव : एक समालोचनात्मक अध्ययन" विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगे।

HINDUSTAN

एलयूशिक्षक के डिजाइन को पेटेंट मिला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर आरपी सिंह को उनके डिवाइस डिजाइन सेल्फ रिफलेक्शन बेस्ड डायरी फॉर मेंटल वेलनेस ट्रैकिंग के लिए पेटेंट मिला है। प्रोफेसर सिंह के साथ शोध, परिकल्पना व क्रियान्वयन टीम में डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह और अध्येता जॉय चौहान भी रहे।

शेयर ट्रेडिंग, आईपीओ की जानकारी दी

लखनऊ। एलयू के प्रबंधन अध्ययन संकाय के प्रबंधन विभाग ने सेबी और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया की मदद से चाणक्य सभागार में वित्तीय समझ पर कार्यक्रम किया। एएमएफआई के वरिष्ठ सलाहकार सूर्यकांत शर्मा ने छात्रों को निवेशक संरक्षण में सेबी की भूमिका, आईपीओ के लिए एएसबीए प्रक्रिया और शेयर ट्रेडिंग की जानकारी दी। डॉ.प्रिया, समरीन मौजूद थीं

प्रोफेसर का शोध फ्रांस में प्रस्तुत होगा

लखनऊ। एलयू के विधि संकाय के प्रोफेसर प्रो. वरुण छाछर का चयन इंटरनेशनल पब्लिक पॉलिसी एसोसिएशन, यूनिवर्सिटी ऑफ लियोन, फ्रांस की ओर से आयोजित विंटर स्कूल में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए हुआ है। वह दो से छह फरवरी को फ्रेंच आल्प्स में भारत में अनुसूचित जाति समुदाय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव : एक समालोचनात्मक अध्ययन विषयक शोध प्रस्तुत करेंगे।

HINDUSTAN TIMES

LU athlete in Khelo India Games

LUCKNOW: Weightlifter Sakshi Kesarwani has become the first female athlete from Lucknow University to qualify for the Khelo India Games after lifting a total of 186 kg. She earned her selection at the All India Inter-University Women's and Men's Weightlifting Championships held at Panjab University, Chandigarh, from January 26 to 30.